प्रज्ञापुरे।।६५।। स्वामी साई सेवा ने किया मुक्त। वही अवलीया बंधन धुडावे सशक्त।।६६।। प्रज्ञापुरी में बतावे जरा व्याधी होवे भारी। सुनके अरज निकले दर्गा की ओर सवारी।।६७।। पहुंचे कब्रस्थान सोये गड्डे मे स्वस्थ। दुर करावे आपत्काल दिखावे लिला मस्त।।६८।। निंब और मरिच खाके न होवे चिंतातुर। भगावे सारी बाधा रहे काया से दुर।।६९।। बडी खुशी से स्थापन किया ज्ञान मठ। ज्ञान देके रक्षण करावे योगीरुपी हठ।।७०।। श्री दलवीर भक्त हितकारी। सुन लीजै प्रेम अरज हमारी।।७१।। स्वामी का ध्यान बहुत है प्यारा। सभी भक्तजनों को बनावे हितकारा।।७२।। ध्यान धरे शिवजी मन माही। ब्रम्हा इन्द्र पार नहि पाही।।७३।। जय जय जय दलनाथ कृपाला। सदा को शिष्य प्रतिपाला।।७४।। शिष्य तुम्हार सबमे सनमाना। तुम्हारी प्रभा तिहुं पुर जाना।।७५।। मुरगोड ग्रामी नाम मल्हार दिक्षित। स्वामी साई के वर से पुत्र होवे साक्षित।।७६।। एक दिन पुजा कर हेतु गज बनाया। दलनाथने मिट्टी के गज में प्राण फुकाया।।७७।। गजगौरी व्रत कथा सफल बनाई। कृपा आशीर्वाद से सुंदर लीला जमाई।।७८।। स्वामी साई का बाळप्पा नामेक भावन। गुरु राज ने लिंग दिया करके पावन।।७९।। भक्ती का ध्वज फहराओ ऐसे सुनाया। राजा साई दलवीर अजब तेरी माया।।८०।। तव भुज दण्ड प्रचंण्ड कृपाला। दैत्य बुद्धी मारी सज्जन प्रतिपाला।।८१।। तुम अनाथ के नाथ गोसांई। दीनन के हो सदा सहाई।।८२।। ब्रम्हादिक तव पार न पावैं। सदा ईश तुम्हारो यश गावैं।।८३।। चारिऊ वेद धर्म के लाखे। तुम भक्तन की लज्जा राखे।।८४।। उदर पिडा में बाळप्पा सनातन गुरु को ध्यावे। स्वामी साई के वर से जहर भी निर्विष होवे।।८५।। दत्त साई नाम है अपरम्पारा। सारे पुरान वेद

तोहे पुकारा।।८६।। शेष रहत नित नाम तुम्हारा। महि का भार शीश पर धारा।।८७।। महालक्ष्मी धर अवतारा। सब विधि करत पाप को छारा।।८८।। तरते हुए चाँद भाई खोज में रहे मगन। दिलाके अश्व साई ने किया मन भावन।।८९।। पत्थरपे रगड कें निकाले अगन् और निर। झुरका मारके चिलीम मजे में रहे साई पिर।।९०।। खंडोबा कें मंदीर में बाबा ने लिया निवारा। म्हाळसापतीने आनंद में साईनाम से पुकारा।।९१।। शिर्डी में नांदे अवलिया जय साई दुलारा। वाली बने जगत का भक्तों को सवारा।।९२।। मेणा में लेके स्वामी को चले राजे भोसले। शिवपूरी में ठहराके गुस्से में उपर कोसले।।९३।। शिवपूरी मे हुआ अग्नी का परम ज्ञान। सूरज आवे धरती पे विश्व को देवे विज्ञान।।९४।। स्वामी साई की लिला जैसे संजिवन सागर। नए नए रतन उपजे जैसे हो क्षीरसागर।।९५।। स्वामी साई लेके भगत पहुचे परमधाम। आन लेके भक्ति की दिखावे सुंदर शाम।।९६।। बरगद पेड निचे फुलावे सारा ब्रह्मांड। सिखाने भगत को करावे बहुत कांड।।९७।। दिव्य दृष्टी देके मेहेरबान। भगत को सुखी करावे यही उसका फरमान।।९८।। काला कलुटा है माया का सागर।कमल फुला के दिखावे संजीव क्षिरसागर।।९९।। तप किया अघोरी कडवी निम कें निचे। गोपाळबुवा अवलिया के सच्चे गुरु साचे।।१००।। साईराम आत्मा पोषण हारे। जय जय जय अनुसुया के अमित दुलारे।।१०१।। ज्ञान ह्रदय दो ज्ञान स्वरुपा। नमो नमो जय जगपति भूपा।।१०२।। बोल के नारायण तेली खुश हुआ साई का दरबार। फुँके ग्यान राधा को मजे में झुमें बारंबार।।१०३।।सत्य शुध्द देवन मुख गाया। बजर दुंदुभी शंख बजाया।।१०४।। आवागमन मिटै जो नाम लेत तेरा। सत्य वचन माने यह सद्गुरु का फेरा।।१०५।। तीनहूं काल ध्यान जो

ल्यावैं। तुलसी दल अरु फूल चढ़ावैं।।१०६।। अंत समय सद्गुरु पुर जाई। जहां जन्म नाथ साई भक्त कहाई।।१०७।। मोहन प्यारे मोहित करे जगत को सारे। स्वामी साई मोहनधारी विश्व को मोहित करे।।१०८।।

।। श्रद्धापूर्वक भक्तिअंजली श्री स्वामी साई समर्थाऽर्पण मस्तु।।

अध्याय ७ इच्छापूर्ती पदोन्नती माला

जय जय जय गणपती गणराजु। मंगल भरण करण शुभ काजु।।१।। जय जय जय सरस्वती माता। करे हंस सवारी बुद्धी की दाता।।२।। जय जय जय कुलदेव कुलस्विमीनी माता। दीन भगत की भाग्य की विधाता।।३।। जय जय जय सद्गुरु विश्व ज्ञान दाता। दिप जलाके अज्ञान को नाश कराता।।४।। जय जय जय स्वामी साई ज्ञानेश्वर माई। धन्य धन्य माता पीता जो बालक को तराई।।५।। स्वामी साई नाम अनेकन तुम्हारे। कृष्ण के अवतार में धरती को तारे।।६।। जय यदुनन्दन जय जगवन्दन। जय वसुदेव देवकी नन्दन।।७।। जय यशुदा सतु नन्द दुलारे। जय प्रभु भक्तन के दृग तारे।।८।। जय नटनागर नाथ नथइया। कृष्ण कन्हैया धेनु चरइया।।९।। जैसे बालकनै नवनीत चुरावे। वैसे गुरु भक्त की भक्ती को रिझावे।।१०।। जैसे गोपाल अंगुलीपे गिरीवर धारो। वैसे गुरु साई दीनन के दु:ख निवारो।।११।। गोल कपोल चिबुक अरुणारे। मृदु मुस्कान मोहिनी डारे।।१२।। नील जलज सुन्दर तनु सोहै। छवि लखि सुर नर मुनि मन मोहै।।१३।। करि गोपिन संग रास विलास। सबकी पूरण करि अभिलाषा।।१४।। महि से मृतक छहों सुत लायो। मातु देवकी शोक मिटायो।।१५।। वैसे संसार के सुख सुकुन लायो। वक्त के भाग्य को खुद लिखायो।।१६।। असुर बुध्दि कलिके मारयो। भक्तन के तब कष्ट निवारियो।।१७।। जैसे कृष्ण दीन सुदामा के दु:ख हारयो। तंदुल तीन मूठि मुख डारयो।।१८।। इस भगत दीन की अरज सुनीयो। हमारे दु:ख निरंजन साई तुम हरीयो।।१९।। लखी प्रेम की महिमा भारी। ऐसे श्याम साई दीन हितकारी।।२०।। निज गीत के ज्ञान सुनाए। भक्तन ह्रदय सुधा वर्षाए।।२१।।

मीरा थी ऐसी मतवाली। विष पी गई बजा कर ताली।।२२।। ऐसे स्वामी साई भगत हुए तेरा मतवाला। मनमे ठाने तु ही एक जीवन रखवाला।।२३।। निज माया तुम विधिहिं दिखायो। उरते संशय सकल मिटायो।।२४।। तव शत निन्दा करि तत्काला। जीवन मुक्त भयो शिशुपाला।।२५।। अस अनाथ के नाथ कन्हैया। डूंबत भंवर बचावत नइया।।२६।। सुन्दरदास आस उर धारी। दयादृष्टि कीजै बनवारी।।२७।। ये भगत ने तुम्हारी आस उरी धारी। दयादृष्टि कीजै मोपर सबसे भारी।।२८।। नाथ सकल मम कुमति निवरो। क्षमहु बेगी अपराध हमारो।।२९।। खोलो पट अब दर्शन दीजै। बोलो स्वामी साई महाराज की जै।।३०।। जय जय पूरण ब्रम्ह विहारी। दुष्ट दलन लीला अवतारी।।३१।। मंगळवेढी ग्रामी भक्तनाम बसप्पा तेली। डुबे दु:ख दरिद्र मे भाग्य रहे खाली।।३२।। दिन एक कंट शय्या पे लेटे गुरुको करे नमन। बाले स्वामी अवलिया करे कष्ट का धावन।।३३।। रात दो प्रहर स्वामी करें गमन। देख के गुरु को बसप्पा पहुंचे कानन।।३४।। घणे जंगल में गुरु स्वामी साई करें लिला। घोर अंधकार में सर्पीनका खेल खेला।।३५।। आदेश करे तेली को लेवे नागन को हाथ। क्षणभर में बसप्पा को दिया भाग्य ने साथ।।३६।। करके कनक शलाका दुर हुआ अभाग। स्वामी साई के चमत्कार से खोले उसका भाग।।३७।। स्वामी साई की लीला जो कोई गावै। बिन श्रम सकल पदारथ पावै।।३८।। छेली ग्रामी से प्रभु अक्कलकोट आए। वही अपनी लीला का डंका बजाए।।३९।। गोपाल ने खेल खेल में गोटीयां खेली। छोटे बछडोंकी ज्ञान गुफा खोली।।४०।। स्वामी साई को गोपाल के रुप में पाया। लिला भक्ति से फुला न समाया।।४१।। बालक संग खेलत सुख पायो। दश दिशाओ में मौज मचायो।।४२।।

शरणागत हरन को सुख दिलायो। दो शिकारियोंसे अभय करायो।।४३।। हठ से व्याध ने गुरु को फटकारा। मुर्ति बनाके स्वामी साईने किया चमत्कारा।।४४।। दुखारु व्याध गुरु याचना करे। आर्शिवाद देके जीवन आनंद से भरे।।४५।। माता पिता की महिमा गुनगुनाये। भक्तन के मन में प्रेम ज्योत जलाये।।४६।। खग मृग गोमाता को संजीवन दिलाये। भूतदया का सच्चा सबक सिखाये।।४७।। जय मधु कैटभ दैत्य हनैया। महाविष्णु रुप में जन को सुख दिलैया।।४८।। देह शुध्द संतन कर संगा। बाढ़े प्रेम भक्ति रस रंगा।।४९।। देहु दिव्य वृंदावन बासा। छूटै मृग तृष्णा जग आशा।।५०।। बाँझ गो माता को दोहन कराके दिखावे चमत्कार। व्यंकसा को दुध देके सद्गुरु ने किया उपकार।।५१।। श्याम साई भजि बारंबारा। सहज ही हो भवसागर पारा।।५२।। इन सम देव न दूजा कोई। दीन दयालु न दाता होई।।५३।। यह सब कथा कहे जग के कल्पान्तर। तनिक न दो ब्रम्हांड नायक को अंतर।।५४।। बर्बरीक विष्णु अवतारा। भक्तन हेतु मनुज तनु धारा।।५५।। जैसे वसुदेव देवकी प्यारे। यशुमति मैया नंद दुलारे।।५६।। वैसे स्वामी साई भक्तन को प्यारे। भगत को कहे डरो ना दुलारे।।५७।। मधुसुदन गोपाल मुरारी। बृजकिशोर गोवर्धन धारी।।५८।। सियाराम श्री हरि गोविंदा। दीनपाल श्री बाल मुकुंदा।।५९।। दामोदर रणछोड बिहारी। नाथ द्वारकाधीश मुरारी।।६०।। नरहरी रुप प्रल्हाद प्यारा। खंभ फारि हिरनाकुश मारा।।६१।। राधा वल्लभ रुक्मिणी कांता। गोपी वल्लभ कंसा हनंता।।६२।। मनमोहन चितचोर कहाए। माखन चोरि चोरि कर खाए।।६३।। मुरलीधर यदुपति घनश्यामा। कृष्ण पतितपावन अभिरामा।।६४।। मायापति लक्ष्मीपति सोहे ईशा। पुरुषोत्तम केशव तुही जगदीशा।।६५।। विश्वपति त्रिभुवन

उजियारा। दीन बंधु भक्तन रखवारा।।६६।। स्वामी साई मन मंदिर में साजे। जीवन दीप जलाके भक्ति रस को पीजे।।६७।। नारद - शारद ऋषि योगिन्दर। परब्रम्ह साई जप करे निरंतर।।६८।। हरे मुरारी कलियुग में स्वामी साई। ले अवतार भक्तन को करे सुखाई।।६९।। हृदय मांहि करि देखु विचारा। स्वामी साई भजे तो होवे निस्तारा।।७०।। जैसे बिजली चमके घणे बादल में। वैसे तरकीब सुझावे भक्त के जीवन में।।७१।। तरकीब सुझाके दुर करे माया जंजाल। दुर करे दारिद्रय ऋण रुपी भयाण अकाल।।७२।। जाके श्याम साई नाम अधारा। सुख लहहि दुख दूर हो सारा।।७३।। श्याम साई सुलोचन है अति सुंदर। मोर मुकुट सिर तन पिताम्बर।।७४।। गल वैजयन्तिमाला सुहाई। छवि अनूप भक्तन मन भाई।।७५।। श्याम साई सुमिरहु दिन - राती। स्वामी साई दुपहरि अरू परभाती।।७६।। रसना स्वामी साई नाम पी ले। जी ले श्याम साई नाम के हाले।।७७।। संसारी सुख रुपी भोग खिलेगा। अंत श्याम साई सुख योग मिलेगा।।७८।। श्याम साई हैं तन के सावले। मन के गोरे भोले भाले।।७९।। स्वामी साई संत भक्तन हितकारी। रोग - दोष अघ नाशै भारी।।८०।। प्रेम सहित जे अमृत नाम पुकारा। भक्त लगत श्याम साई को प्यारा।।८१।। वृध्द बाल जेते नारी नर। मुग्ध होवे सुने स्वामी साई के स्वर।।८२।। जिसने श्याम साई का स्वरुप निहारा। भव भय बंधन से पाया छुटकारा।।८३।। जय प्रभु साईराम सुखसागर। जय मुनीश गुण ज्ञान दिवाकर।।८४।। कश्यप कुल बिकट रणधीरा। ब्राम्हण तेज मुख संत शरीरा।।८५।। ब्रम्हांडसुत शक्ती की माया। तेज प्रताप सकल जग छाया।।८६।। मास चैत्र पज्ञापुर स्वामी अवतारा। द्वितीया शुक्लपक्ष में मनभावन रुप धारा।।८७।। तेज ज्ञान मिल नर तनू

धारा। अक्कलकोट घर ब्रम्ह अवतारा।।८८।। चोळप्पा सदा देवे अपनी भक्ति की आस। घर में समाधी लेके सदा रहे उसके पास।।८९।। स्वामी साई को परशुराम अवतार में मिलाया। याचक को मन ही मन सुख दिलाया।।९०।। मंजु मेखला कटि मृगछाला। रुद्र माला बर वक्ष विशाला।।९१।। पीत वसन सुंदर तनु सोहें। स्वामीराज साईरुप में मोहे।।९२।। वेद - पुरण - श्रुति - स्मृति ज्ञाता। रुद्र रुप तुम जग विख्याता।।९३।। दाया हाथ भाग्य हेतु उठावा। वेद - संहिता बांए सुहावा।।९४।। विद्यावान गुण ज्ञान अपारा। शास्त्र - शस्त्र दोऊ पर अधिकारा।।९५।। भुवन चारिदस अरू नवखंडा। चहुं दिशि सुयश प्रताप प्रचंडा।।९६।। गुरु धनु भंजक रिपु करि जाना। तब समूल नाश ताहि ठाना।।९७।। कर जोरि तब राम रघुराई। विनय कीन्ही पुनि शक्ति दिखाई।।९८।। शस्त्र विद्या देह सुयश कमावा। गुरु प्रताप दिगंत फिरावा।।९९।। चारों युग तव महिमा गाईं। सुन मुनि मनुज दनुज समुदाईं।।१००।। अब लौं लीन समाधि नाथा। सकल लोक नावइ नित माथा।।१०१।। चारों वर्ण एक सम जाना। समदर्शी प्रभु तुम भगवाना।।१०२।। ललहिं चारि फल शरण तुम्हारी। देव दनुज नर भूप भिखारी।।१०३।। सरस्वती रुप में स्वामी साई को दिखावत। अमिरस का ज्ञान बुद्धी में मिलावत।।१०४।। जय श्री सकल बुध्दि बलरासी। जय सर्वज्ञ अमर अविनाशी।।१०५।। जय जय वीणाकर धारी। करती सदा सुहंस सवारी।।१०६।। सुंदराबाई स्वामीजी की परम भक्तन। चरण पादुका देके करावे उसे पावन।।१०७।। स्वामी निरंजन साई जब करावे निरंतारा। पदोन्नती देके विषाद से करे छुटकारा।।१०८।।

।। श्रद्धापूर्वक भक्तिअंजली श्री स्वामी साई समर्थाऽर्पण मस्तु।।

अध्याय ८ बंधन ऋणमोचक माला

जय जय जय गणपती गणराजु। मंगल भरण करण शुभ काजु।।१।। जय जय जय सरस्वती माता। करे हंस सवारी बुद्धी की दाता।।२।। जय जय जय कुलदेव कुलस्विमीनी माता। दीन भगत की भाग्य की विधाता।।३।। जय जय जय सद्गुरु विश्व ज्ञान दाता। दिप जलाके अज्ञान को नाश कराता।।४।। जय जय जय स्वामी साई ज्ञानेश्वर माई। धन्य धन्य माता पीता जो बालक को तराई।।५।। जग में पाप बुध्दि जब होती। तबही धर्म की फीकी ज्योती।।६।। तबहि मातु का निज अवतारा। पाप हीन करती महि तारा।।७।। बाल्मीकि जी थे हत्यारा। तव प्रसाद जानै सब संसारा।।८।। रामायण ज्योती रचे बनाई। आदि कवी की पदवी को पाई।।९।। स्वामी साईपर विश्वास राखे जो भाई। संसार रुपी किचड़ में कमल उपजाई।।१०।। संजिवना रुप आदि विद्वाना। तेरी कृपा दृष्टी से ही जगद् में संजाना।।११।। राखू लाज जननी अब मेरी। विनय करुं भांति बहुतेरी।।१२।। मैं अनाथ तेरी अवलंबा। कृपा करउ जय जय जगदंबा।।१३।। मालोजीराजे स्वामी साईके भक्त धारी। सदाही वेद अध्ययन की आशा सवारी।।१४।। मुंबईचे विष्णुबुवा एक ब्रम्हचारी। वेद ज्ञान हेतु सारे जग संचारी।।१५।। कलियुग में स्वामी साई का रुप है भाया। सदा राखे भक्तन पर अपनी कृपा छाया।।१६।। स्वामी साईको मातु रुप में जाना। पाप दुर कर पुण्यात्मा बनाना।।१७।। चंड मुण्ड असुर विख्याता। पापी बुद्धी जगद् में प्रख्याता।।१८।। मार के उनको तुही भवानी। करके माला गले में धारनी।।१९।। रक्तबीज से समरथ पापी। सुरमुनि हृदय धरा सब कांपी।।२०।। काटेउ सिर जिम कदली खम्बा। बार बार बिनऊं

जगदंबा।।२१।। जगप्रसिध्द जो शुंभनिशुंभा। छण में वधे ताहि तू अम्बा।।२२।। इस रूप में माई साईको बाना। सच्चे हृदय से माँ के रूप को जाना।।२३।। को समरथ तव यश गुन गाना। निगम अनादि अनंत बखाना।।२४।। रक्त दन्तिका और शताक्षी। नाम तुम्हारे हे सोहत कामाक्षी।।२५।। भूत प्रेत बाधा या दु:ख में। हो दरिद्र अथवा बिकट संकट में।।२६।। नाम जपे मंगल सब होई। संशय इसमें कदापी न साई।।२७।। पुत्रहीन जो आतुर भाई। सबै छांड़ि पूजें एहि माई।।२८।। करै पाठ नित्य साई ईशा। होय पुत्र सुंदर दिव्य गुणैशा।।२९।। धुपादिक नैवेद्य चढ़ावै। संकट रहित अवश्य हो जावै।।३०।। भक्ति स्वामी साईकी करैं हमेशा। निकट न आवै ताहि कलेशा।।३१।। भगत पाठ करें बारंबारा। स्वामी साई की कृपा रहे अपरंपारा ।।३२।। स्वामी साईको सुंदर शारदा रुप मे पाया। सारे विश्व को ज्ञान से झुलाया।।३३।। जय जय जय शारदा महारानी। आदि शक्ति तुम जग कल्याणी।।३४।। दो सहस्त्र बर्षहि अनुमाना। प्रगट भई शारद जग जाना।।३५।। मैहर नगर विश्व विख्याता। जहां बैठी शारद जग माता।।३६।। त्रिकुट पर्वत शारदा वासा। मैहर नगरी परम प्रकाशा।।३७।। शरद इंदु सम बदन तुम्हारो। रूप चतुर्भुज अतिशय प्यारो।।३८।। कोटि सूर्य सम तन द्युति पावन। राज हंस तुम्हारो शचि वाहन।।३९।। वीणा पुस्तक अभय धरिणी। जगत्मातु तुम जग विहारिणी।।४०।। हरिहर करहिं शारदा बंदन। वरुण कुबेर कराहिं अभिनंदन।।४१।। स्वामी साई दुर्विद्या को करे अस्तावत। सुविद्या को बुद्धी के संग नचावत।।४२।। स्वामी साईको राधा के रुप माना। भक्तीका रस उससे ही जाना।।४३।। रास विलासिनी रस विस्तारिनी। सहचरि सुभग यूथमन भावनि।।४४।। नित्य किशोरी राधा गोरी। श्याम

प्राणधन अति जिय भोरी।।४५।। करुणा सागर हिय उमगिनी। ललितादिक सखियन की संगिनी।।४६।। नित्य श्याम तुमरौ गुण गावें। राधा - राधा कहि हरषावें।।४७।। संतत सहचरि सेवा करहीं। महा मोद मंगल मन भरहीं।।४८।। रसिकन जीवन प्राण अधारा। राधा नाम सकल सुख सारा।।४९।। अगम अगोचर नित्य स्वरुपा। ध्यान धरत निशदिन ब्रज भूपा।।५०।। नित्यधाम गोलोक विहरिनी। जन रक्षक दु:ख दोष नसावनि ।।५१।। राधा कृष्ण कृष्ण कहैं राधा। एक रुप दोऊ प्रीती अगाधा।।५२।। श्री राधा मोहन मन हरनी। जन सुख दायक प्रफुलित बदनी।।५३।। प्रफुलित होत दर्श जब पावें। विविध भांति नित विनय सुनावें।।५४।। श्री राधा रस प्रीती अभेदा। सारदा गान करत नित वेदा।।५५।। राधा नाम लेह जो कोई। सहजहि दामोदर बस होई।।५६।। राधा किशन परब्रम्ह के रूप में पायो। स्वामी साई अमिरस का स्वाद दिलायो।।५७।। किशन की सखी जगत में कहलाया। वैसे स्वामी साई ने भगत को झुलाया।।५८।। स्वामी साई को विन्ध्येश्वरी माता में देखा। गम के अंधेरे को दुर करके फेका।।५९।। नमो नमो विन्ध्येश्वरी नमो नमो जगदम्बा। भक्त के काम को करती नही विलम्बा।।६०।। जय जय जय विन्ध्यचल रानी। आदि शक्ति जग विदित भवानी।।६१।। दीनन के दुख हरत भवानी। नहिं देख्यो तुम सम कोऊ दानी।।६२।। सब कर मनसा पुरवत माता। महिमा अमित जगत विख्याता।।६३।। रमा राधिका श्यामा काली। तू ही मातु सन्तन प्रतिपाली।।६४।। उमा माधवी चण्डी ज्वाला। बेगि मोहि पर होहु दयाला।।६५।। तू ही हिंगलाज महारानी। तू ही शीतला अरु विज्ञानी।।६६।। दुर्गा दुर्ग विनाशिनी माता। तू ही लक्ष्मी जग सुख दाता।।६७।। तू ही जान्हवी अरु उत्राणी। हेमावती अम्ब

निरवाणी।।६८।। चौसट्टी देवी कल्यानी। गौरी मंगला सब गुण खानी।।६९।। अष्ट भुजी वाराहिनी देवा। करत विष्णु शिव जाकर सेवा।।७०।। पाटन मुम्बा दन्त कुमारी। भद्रकालि सुन विनय हमारी।।७१।। वज्र धारिणी शोक नाशिनी। आयु रक्षिणी विन्ध्यवासिनी।।७२।। ऐसे रुप में भवानी को पूजत। स्वामी साई के रुप को मन में भावत।।७३।। विन्ध्य देवी रुप में स्वामी साईको भजा। भाविक हुए भगत जीवन की लेवे मजा।।७४।। हरिभाऊ, लक्ष्मण और श्रीधर तीनो थे यार। व्यापार में उन्हे खोट हुई फार।।७५।। दु:खीत होके, स्वामीजीसे मन्नत करें बारंबार। ऋण से मुक्त होंगे तो आयेंगे तेरे दरबार।।७६।। एकही रात में बहुत हुआ मुनाफा। दर्शन लेने भागे प्रज्ञापुर में ताफा।।७७।। स्वामी साई को देखके मन खुशाया। मुझे पादुका लाओ ऐसे स्वामी साई ने फरमाया।।७८।। पेहेन के चौदा दिन हरिभाऊ को सुत बनाया। बालक कराके खुशी से फुला न समाया।।७९।। जो जन ध्यान तुम्हारो लावै। सो तुरतहिं वांछित फल पावै।।८०।। स्वामी सुत का भाई सदा रहे बिमार। स्वामी साई की कृपा दृष्टी से ना रहे दिवार।।८१।। स्वामी साई की पादुका भुजंग के सिर पर डाली। आदेश से स्वामी सुत की गद्दी ना रहे खाली।।८२।। जापर कृपा मात तव होई। तो वह करै चहै मन जोई।।८३।। कृपा करहु मोपर महाज्ञानी। सिध्द करिए अब यह अमृत बानी।।८४।। जो नर धरै माँ साई का ध्याना। भगत का होय सदा ही कल्याना।।८५।। विपति ताहि सपनेहु नहिं आवै। जो स्वामी साईका जाप लगन से करावै।।८६।। जो नर कहं ऋण होय अपारा। सो नर जाप करे लक्षबारा।।८७।। निश्चयही ऋण मोचन होई क्षणभर में। स्वामी साई ध्यान करावे दिनभर में।।८८।। तव स्तुती जो नर पढ़ पढ़ावै। इस जग में सो अति सुख पावै।।८९।।

जाको व्याधि सतावे भाई। जाप करत सब दूर भगाई।।९०।। जो नर अति बन्दी महं होई। बारह लक्ष जाप कर सोई।।९१।। निश्चय बन्दी ते छुटि जाई। सत्य वचन यह मानहु भाई।।९२।। स्वामी साई नित्यही मेरे घरमे विराजे। अन्नपुर्णा देवी रुप में सदाही साजे।।९३।। नित्य आनंद कारिणी माता। वर - अरु अभय भाव प्रख्याता।।९४।। जय सौंदर्य सिंधु जग - जननी। अखिल पाप हर भव - भय हरनी।।९५।। काशी पुराधीश्वरी माता। माहेश्वरी सकल जग - त्राता।।९६।। बृषभारुढ़ नाम रुद्राणी। स्वामी साई अन्नपूर्णा पद सेवत ऋषीमुनी।।९७।। सभी देवता कहे तुही शिरोमणी। स्वामी साईजी बोले तुही गिरीनंदिनी।।९८।। मालीक साईका चलते फिरते नाम जो जापे। धन धान्य का भांडार भगत के घर मे थापे।।९९।। प्रकटी गिरिजा नाम धरायो। अति आनंद भवन महं छायो।।१००।। स्वामी साई गावे सदाही तुम्हारे भजन। विश्व में फुलावे सुख का चमन।।१०१।। नारद ने तब तोहिं भरमायहु। ब्याह करन हित पाठ पढायहु।।१०२।। ब्रह्मा वरुण कुबेर गनाये। देवराज आदिक तुम्हारो गुण गाये।।१०३।। तजि संकोच कहहु निज इच्छा। देहौं मैं मन मानी भिक्षा।।१०४।। माला पुस्तक अंकुश सोहै। कर महं अपर पाश मन मोहे।।१०५।। कमल विलोचन विलसित बाले। देवि कालिके! चण्डि कराले।।१०६।। तुम कैलास मांहि ह्वै गिरिजा। विलसी आनंदसाथ सिंधुजा।।१०७।। **ॐ ह्रीं श्रीं स्वामी साई क्लिं नमः ये मंत्र पढे जो कोई।** घोर बंधन ऋण को पलभर में दूर भगाई।।१०८।।

।। श्रद्धापूर्वक भक्तिअंजली श्री स्वामी साई समर्थार्ऽपण मस्तु।।

अध्याय ९ बालकरक्षा माला

जय जय जय गणपती गणराजु। मंगल भरण करण शुभ काजु।।१।। जय जय जय सरस्वती माता। करे हंस सवारी बुद्धी की दाता।।२।। जय जय जय कुलदेव कुलस्विमीनी माता। दीन भगत की भाग्य की विधाता।।३।। जय जय जय सद्गुरु विश्व ज्ञान दाता। दिप जलाके अज्ञान को नाश कराता।।४।। जय जय जय स्वामी साई ज्ञानेश्वर माई। धन्य धन्य माता पीता जो बालक को तराई।।५।। स्वामी साई गुण गावत तेरे। सदा ही भगत की झोली सुख से भरे।।६।। चन्द्रकोटि रवि कोटि प्रकाशा। तब आनन महं करत निवासा।।७।। अन्नपूरणे! सदापूरणे। अज - अनवद्य अनंत आपूर्णे।।८।। स्वर्ग - महालक्ष्मी कहलाई। मर्त्य - लोक लक्ष्मी पदपाई।।९।। पाठ महा मुद मंगल दाता। भक्त मनो वांछीत निधिपाता।।१०।। आलंदि ग्रामीके नरसिंह सरस्वती आए निकट। कहे मन में छुडाओ शंका का सावट।।११।। स्वामी साईने मंत्र द्वारा आज्ञा भेजी। तत्काल लागी समाधी बनावे योगीजी।।१२।। स्वामी साईको शीतला रुप में पाया। रक्षण करे बालक की यह फरमाया।।१३।। जय जय जय शीतला भवानी। जय जग जननि सकल गुणखानि।।१४।। गृह गृह शक्ति तुम्हारी राजित। पूरण शरद चंद्र सम साजित।।१५।। विस्फोटक से जलत शरीरा। शीतल करत हरत सब पीरा।।१६।। मातु शीतला तव शुभ नामा। सबके गाढ़ आवहिं कामा।।१७।। शोकहरी शंकरी भवानी। बाल - प्राणरक्षी तुही सुख दानी।।१८।। ग्रहादी बाधा बालक को सतावै। स्वामी साई की दिव्य दृष्टी से मिटावै।।१९।। नजर बाधा टोनादी घाले फेरा। निर्भय कराके नृसिंह साई ने मारा।।२०।। ध्यान लगाके गुरु साई को खिलावे पान। रंजन

कराके दिलावे स्वास्थ्य का भान।।२१।। हो हो करके स्वामी साई मारे फुंकर। त्रिशुल लेके बुझावे अघोरी का भवंडर।।२२।। दिन रात करावे बालक की रक्षा। आई माई भाई स्वामी साई रहे दक्षा।।२३।। स्वामी साई ने धरा जगत का भार। दीन भगत को सुखाए बारंबार।।२४।। शुचि मार्जनी कलश करराजै। मस्तक तेज सूर्य समराजै।।२५।। चौसठ योगिनी संग में गावैं। वीणा ताल मृदंग बजावै।।२६।। नृत्य नाथ भैरो दिखरावैं। सहज शेष शिव पार न पावैं।।२७।। धन्य - धन्य धात्री महारानी। सुर नर मुनि तब सुयश बखानी।।२८।। ज्वाला रूप महा बलकारी। दैत्य एक विस्फोटक भारी।२९।। घर - घर प्रविशत कोई न रक्षत। रोग रुप धरि बालक भक्षत।।३०।। हाहाकार मच्यो जग भारी। सक्यो न जब संकट टारी।।३१।। तब मैया धरि अद्भुत रूपा। कर में लिए मार्जनी सूपा।।३२।। विस्फोटकहिं पकड़ि कर लीन्ह्यो। मुसल प्रहार बहुविधि कीन्ह्यो।३३।। ऐसे कर्म से शीतला ने मारा फटकारा। फैला के किर्ती बजे बजावे नगारा।।३४।। तुम्ही शीतला जग की माता। तुम्हीं पिता जग की सुखदाता।।३५।। नमो सुख करणी दुख हरणी। नमो - नमो जगतारीणि संधारीणि।।३६।। नमो नमो त्रैलोक्य वंदिनी। दुख दारिद्रादिक निकन्दनी।।३७।। निश्चय मातु शरण जो आवै। निर्भय मन इच्छित फल पावै।।३८।। कोढ़ी निर्मल काया धारै। अंधा दृग - निज दृष्टि निहारै।।३९।। वंध्या नारि पुत्र को पावै। जन्म दरिद्र धनी होई जावै।।४०।। पड़ा क्षर तब आस लगाई। रक्षा करहु शीतला माई।।४१।। ऐसा शीतला रुप मन को भाया। स्वामी साईने कथकर सुनाया।।४२।। स्वामी साई की लीला है अपरंपार। बजता रहे उनका डंका बारंबार।।४३।। माई आई जननी रूप तुम्हारा। निरंजन साई को इस रूप में निहारा।।४४।।

स्वामी साईने तुलसी महात्म्य कहकर सुनाया। मती गुंग होके विष्णु जाप कराया।।४५।। नमो नमो तुलसी महारानी। महिमा अमित न जाय बखानी।४६।। दियो विष्णु तुमको सनमाना। जग में छायो सुयश महाना।।४७।। विष्णुप्रिया जय जयति भवानि। तिहूं लोक की हो सुखखानी।।४८।। भगवत पूजा कर जो कोई। बिना तुम्हारे सफल न होई।।४९।। जिन घर तव नहिं होय निवासा। उस पर करहिं विष्णु नहिं बासा।।५०।। कार्तिक मास महात्म्य तुम्हारा। ताको जानत सब संसारा।।५१।। तव पूजन जो करैं कुंवारी। पावै सुंदर वर सुकुमारी।।५२।। कर जो पूजा नितप्रति नारी। सुख सम्पत्ति से होय सुखारी।।५३।। वृध्दा नारी करै जो तुलसी पूजन। मिले भक्ति होवे पुलकित मन।।५४।। श्रध्दा से पूजै जो कोई। भवनिधि से तर जावै सोई।।५५।। स्वामी साईकी कृपा लिला महान। सुनके कथा तुम्हारी फुले सारा जहान।।५६।। कथा भागवत यज्ञ करावै। माता तुम बिन नहीं यश पावै।।५७।। तुम्हीं मात यंत्रन तंत्रन में। सकल काज सिधि होवै क्षण में।।५८।। औषधि रुप आप हो माता। सब जग में तव यश विख्याता।।५९।। नमो नमो सुख सम्पत्ती देनी। नमो नमो अध काटन छेनी।।६०।। नमो नमो भक्तन दुःख हरनी। नमो नमो दुष्टन मद छेनी।।६१।। नमो नमो भव पार उतारनि। नमो नमो परलोक सुधारनि।।६२।। नमो नमो निज भक्त उबारनि। नमो नमो जनकाज संवारनि।।६३।। जयति जयति जय तुलसी माई। ध्याऊ तुमको शीश नवाई।।६४।। स्वामी साई कह महात्म्य तुम्हारा। तुम्हारी लिला से सिर नमे हमारा।।६५।। निज जन जानि मोहि अपनाओ। बिगड़ कारज आप बनाओ।।६६।। करु विनय मैं मात तुम्हारी। पूरण आशा करहु हमारी।।६७।। करहु मात यह अब मोपर दया। निर्मल होय सकल ममकाया।।६८।।

जानूं नहिं कुछ नेम अचारा। शमहु मात अपराध हमारा।।६९।। स्वामी साई ताकी पुजाविधी बतावे। मलीन काया को सुकाया करावे।।७०।। प्रथम दिव्य गंगाजल मंगवावे। फिर सुंदर मंगल स्नान करावे।।७१।। चंदन अक्षत पुष्प चढ़ावे। धूप दीप नैवेद्य लगावे।।७२।। करे आचमन गंगा जल से। ध्यान करे हृदय निर्मल से।।७३।। पाठ करे गृह रखपाली की। दिव्य स्तवन करे माता तुलसी की।।७४।। स्वामी साई कन्हैया बाके बिहारी जी। दिया जलाके नमन करो माता तुलसी जी।।७५।। स्वामी साई तेरा जगत में बोलबाला। दीन भगत का सच्चा तुही रखवाला।।७६।। सबका मालिक हावे निरंजन साई। प्रेम से नहलावे इस बंदे को माई।।७७।। त्रिकाल ज्ञान होवे तुम्हारे ठाई। दिव्य दृष्टी से भगत को देवे मलाई।।७८।। तुम्हारी क्रिया होवे विश्व में चालक। सबक देने हेतु बने सबका मालिक।।७९।। वासुदेव फडके हुए तब क्रांतीकारी। देश को छुडाने की शपथ लेवे भारी।।८०।। लेने वर शक्ती का पहुंचे दरबार। कहे गुरुसे सामने रखके तलवार।।८१।। मौनी स्वामी साईने खड्ग फेका। देखके लिला फडके मनसे झुका।।८२।। स्वामी साई ने किया संतोषी माँ का जय जय कार। भगत की सहायता करावे तेरे ही दरबार।।८३।। हे मैय्या ईश्वर चरणों में शोभा बढ़ाइयो। ऐसी लिनता मेरे मनमे लाइयों।।८४।। श्री लक्ष्मीराज साईने संतोषी माँ का रुप दिखाया। प्रफुल्लीत होके मन ही मन में सुखाया।।८५।। जय संतोषी माँ जग जननी। खल मति दुष्ट दैत्य दल हननी।।८६।। माता - पिता की रहौ दुलारी। कीरति केहि विधी कहूं तुम्हारी।।८७।। क्रीट मुकुट सिर अनुपम भारी। कानन कुण्डल की छवि प्यारी।।८८।। आप चतुर्भुज सुघड़ विशाला। निकट है गौ अमित दुलारा।।८९।। तुम्हरे दरश करत क्षण माई।

दु:ख दरिद्र सब जाय नसाई।।९०।। ब्रह्मा ढिंग सरस्वती कहाई। लक्ष्मी रुप विष्णु ढिंग आई।।९१।। शिव ढिंग गिरजा रुप बिराजी। महिमा तीनों लोक में गाजी।।९२।। शक्ति रुप प्रगट जन जानी। रुद्र रुप भई मात भवानी।।९३।। दुष्ट दलन हित प्रगटी काली। जगमग ज्योति प्रचंड निराली।।९४।। रुप शारदा हंस मोहिनी। निरंकार साकार दाहिनी।।९५।। प्रगटाई चहुंदिश निज माया। कण कण में है तेज समाया।।९६।। पृथ्वी सूर्य चंद्र अरू तारे। तव इंगित क्रम बध्द है सारे।।९७।। पालन पोषण तुम्हीं करता। क्षण भंगुर में प्राण हरता।।९८।। चित्त लगाय तुम्हे जो ध्याता। सो नर सुख सम्पत्ति है पाता।।९९।। बंध्या नारि तुमहिं जो ध्यावै। पुत्र पुष्प लता सम वह पावै।।१००।। पति वियोगी अति व्याकुल नारी। तु वियोग अति व्याकुल यारी।।१०१।। कन्या जो कोई तुमको ध्यावै। अपना मन वांछित वर पावै।।१०२।। शीलवान गुणवान हो मैया। अपने जन की नाव खिवैया।।१०३।। गुड और चना भोग तोहि भावै। सेवा करै सो आनंद पावै।।१०४।। नारि सुहागिन व्रत जो करती। सुख सम्पत्ति सों गोदी भरती।।१०५।। सात शुक्र जो व्रत मन धारे। ताके पूर्ण मनोरथ सारे।।१०६।। तुम्हरो ध्यान लगे लगावे। बालक की रक्षा सदा करावे।।१०७।। पाठ करके बभुत लगावे। हनुमंत भैरव रक्षा कवच धरावे।।१०८।।

।। श्रद्धापूर्वक भक्तिअंजली श्री स्वामी साई समर्थाऽर्पण मस्तु।।

अध्याय १० व्याधीहरण माला

जय जय जय गणपती गणराजु। मंगल भरण करण शुभ काजु।।१।। जय जय जय सरस्वती माता। करे हंस सवारी बुद्धी की दाता।।२।। जय जय जय कुलदेव कुलस्विमीनी माता। दीन भगत की भाग्य की विधाता।।३।। जय जय जय सद्गुरु विश्व ज्ञान दाता। दिप जलाके अज्ञान को नाश कराता।।४।। जय जय जय स्वामी साई ज्ञानेश्वर माई। धन्य धन्य माता पीता जो बालक को तराई।।५।। जय जय जय अम्बे कल्याणी। कृपा करौ मोरी महारानी।।६।। ऐसी महिमा माता तुम्हारी बतावै। संतोषही संतोष जीवन मे पावै।।७।। संतोषी माँ का वर है गहन। पाके गुरुमैय्या जीवन होवे सधन।।८।। जो जन शरण माता तेरी आवै। ताके क्षण में काज बनावै।।९।। स्वामी साई बतावे माता का राज। पूरण करावे भक्तों के काज।।१०।। स्वामी साई तुम्हरी महिमा बढाई। सातो समंदर पार करके नही मिलाई।।११।। स्वामी साई का वचन जग में भावे। दीन भगत को अपने चरण में लावे।।१२।। रक्षण करावे स्वामी साई जगदंबा। छुडावे अघोरी को न करे विलंबा।।१३।। तात्या नामक शिष्य स्वामी साईका महान। बेजार हुए पिडा से मृत्यु के समान।।१४।। ध्यान में लावे सद्गुरु साथ होवे वृषभ। मौत को चकवाके जीवन करावे सुलभ।।१५।। स्वामी साई कहे वृषभ होवे बिमार। तात्या की मौत को फसवाके दिखावे लिलार।।१६।। संतोष संतोष संतोष जहा देखे संतोष। माँ कश्यप साई निरंजन वही देवे संतोष।।१७।। स्वामी साई रहे हिमालय की गोद में। गंगा महिमा बतावे निकली शिवजी की जटा में।।१८।। जय भागीरथि सुरसरि माता। कलिमल मूल दलनि विख्याता।।१९।। जय जय जय हनु सुता अघ हननी।

पितामह भीषम की माता जग जननी।।२०।। वाहन मकर विमल शुचि सोहै। अमिय कलश कर लखि मन मोहै।।२१।। जड़ित रत्न कंचन आभूषण। हिय मणि हार, हरणितम दूषण।।२२।। जग पावनि त्रय ताप नसावनि। तरल तरंग तंग मन भावनि।।२३।। जो गणपति अति पूज्य प्रधाना। तिहुं ते प्रथम गंग अस्नाना।।२४।। ब्रह्म कमंडल वासिनी देवा। श्री प्रभु पद पंकज सुख सेवा।।२५।। साठी सहत्र सगर सुत तारयो। गंगा सागर तीरथ धारयो।।२६।। अगम तरंग उठयो मन भावन। लखि तीरथ हरिद्वार सुहावन।।२७।। तीरथ राज प्रयाग अक्षैवट। धरयो मातु पुनि काशी करवट।।२८।। धनि धनि सुरसिर स्वर्ग की सीढी। तारणि अमित पितृ पद पीढी।।२९।। जब जग जननी चल्यो लहराई। शुंभ जटा महं रह्यो लहराई।।३०।। मुनि भागीरथ शंभुहि ध्यायो। तब इक बूंद जटा से पायो।।३१।। ताते मातु भई त्रय धारा। मृत्यु लोक नभ अरु पातारा।।३२।। गई पाताल प्रभावित नामा। मंदाकिनी गई गगन ललामा।।३३।। पान करत निर्मल गंगाजल। पावत मन इच्छित अनंत फल।।३४।। पूरब जन्म पुण्य जब जागत। तबहिं ध्यान गंगा महं लागत।।३५।। ध्यान में स्वामी साई गंगा तीर्थ पिलावे। कोटी जन्म का पाप झट में धुलावे।।३६।। हो कोई हत्या हो कोई महापातक। पान करने पे सब मायासे झटक।।३७।। जई पगु सुरसरि हेतु उठावहि। तइ जगि अश्वमेध फल पावहि।।३८।। शत योजनहु से जो ध्यावहिं। निश्चय विष्णु पद लोक पावहिं।।३९।। जिमि धन मूल धर्म अरु दाना। धर्म मूल गंगाजल पाना।।४०।। बुध्दि हीन विद्या बल पावै। रोगी रोग मुक्त होके खुशी से झुलावै।।४१।। गंगा गंगा जो नर कहहीं। भूखे नंगे कबहु न रहहीं।।४२।। महां अधिक अधमन कहं तारें। भए नर्क के बंद किवारे।।४३।। जो

नर जपै गंग शत नामा। सकल सिध्द पूरण कामा।।४४।। सब सुख भोग परम पद पावहिं। आवागमन रहित ह्वै जावहिं।।४५।। धनि मइया सुरसरि सुखदैनी। धनि धनि तीरथ राज त्रिवेणी।।४६।। ध्यान में स्वामी साई गंगा धारा फवारे। दीन दुखारु भगत के जीवन संवारे।।४७।। स्वामी साई यमुना के गुण बतावे। सुन के भगत के घोर पापा मिटावे।।४८।। नर्मदा का महात्म्य स्वामी साईने बताया। सुनके जीवन त्वरीत पावन कराया।।४९।। जय जय जय नर्मदा भवानी। तुम्हरी महिमा सब जग जानी।।५०।। अमरकंठ से निकली जगन्माता। सर्व सिध्दि नव निधि की दाता।।५१।। कन्या रुप सकल गुण खानी। जब प्रकटीं नर्मदा भवानी।।५२।। सप्तमी सुर्य मकर रविवारा। अश्विनी माघ मास अवतारा।।५३।। वाहन मकर आपको साजैं। कमल पृष्प पर आव विराजैं।।५४।। ब्रम्हा हरि हर तुमको ध्यावैं। तब ही मनवांछित फल पावैं।।५५।। दर्शन करत पाप कटि जाते। कोटि भक्तगण नित्य नहाते।।५६।। जो नर तुमको नित ही ध्यावै। वह नर रुद्र लोक को जावैं।।५७।। मगरमच्छ तुम में सुख पावैं। अंतिम समय परमपद पावैं।।५८।। कल - कल ध्वनि करती हो माता। पाप ताप हरती हो माता।।५९।। पूरब से पश्चिम की ओरा। बहती माता नाचत मोरा।।६०।। शिव गणेश भी तेरे गुण गावैं। सकल देव गण तुमको ध्यावैं ।।६१।। कोटि तीर्थ नर्मदा किनारे। ये सब कहलाते दु:ख हारे।।६२।। मनोकामना पूरण करती। सर्व दुख माँ नित ही हरती।।६३।। कनखल में गंगा की महिमा। कुरुक्षेत्र में सरसुति महिमा।।६४।। पर नर्मदा ग्राम जंगल में। नित रहती माता मंगल में।।६५।। जटा शंकरी नाम तुम्हारा। तुमने कोटि दुखीयों को तारा।।६६।। जल प्रताप तुममें अति माता। जो रमणीय तथा सुखदाता।।६७।। चाल सर्पिणी

सम है तुम्हारी। महिमा अति अपार है तुम्हारी।।६८।। तुम में पडी अस्थि भी भारी। छुवत पाषाण होत वर वारी।।६९।। युमुना में जो मुनज नहाता। सात दिनों में वह फल पाता।।७०।। सुरसुति तीन दिनों में देतीं। गंगा तुरत बाद ही देतीं।।७१।। जडी बूटियां तट पर राजें। मोहक दृश्य सदा ही साजें।।७२।। वायु सुगंधित चलती तीरा। जो हरती नर तन की पीरा।।७३।। हो प्रसन्न ऊपर मम माता। तुम ही मातु मोक्ष की दाता।।७४।। जो मानव यह नित है पढ़ता। उसका मान सदा ही बढ़ता।।७५।। अगणित बार पढ़ै जो कोई। पूरण कामना त्वरीत होई।।७६।। सबके उर में बसत नर्मदा। यहां वहां सर्वत्र नर्मदा।।७७।। सुरज की पुत्री सुंदर होवे यमुना। यम शनि की भगीनी सब कहे जमुना।।७८।। गंगा जमुना का संगम होवे इस जहान। स्वर्ग समान वाराणसी में प्रयाग होवे महान।।७९।। नर्मदा का महात्म्य स्वामी साई ने बताया। सुनके जीवन त्वरीत पावन कराया।।८०।। पर रेवा का मनोहर दर्शन करके। सुख का फल पाता खाली झोली भरके।।८१।। स्वामी साई ने अनेको नदियों की कथा सुनाई। सुनाके भगत को आनंद दिलाई।।८२।। स्वामी साई ध्यान में डुबकी लगावे। भगत के सातो जन्म के पाप बुझावे।।८३।। प्राशन से महारोग बुझावे। ध्यान मात्र से अमिरस पिलावे।।८४।। एक अनोखेने श्री साई का गुण गान गाया। मन मे धरे वांछीत फल पाया।।८५।। कहकर महिमा त्रिमुर्ती साई सुखाया। इस भक्त के जीवन को पार लगाया।।८६।। स्वामी साईने विश्वकर्मा का रुप बाटा। सदा भजत रहने से दु:ख को काटा।।८७।। विश्वकर्मा तव नाम अनूपा। पावन सुखद मनन अनरुपा ।।८८।। सुंदर सुयश भुवन दशचारी। नित प्रीती गावत गुण नर नारी।।८९।। नित नित गुण गावत तेरे। धन्य - धन्य विश्वकर्मा

मेरे।।९०।। आदि सृष्टि महं तू अविनाशी। मोक्ष धाम तजि अयो सुपासी।।९१।। तुम आदि विश्वकर्मा कहलायो। चौदह विद्या भू पर फैलायो।।९२।। लोह काष्ठ अरु ताम्र सुवर्णा। शिला शिल्प जो पंचक वर्णा।।९३।। दे शिक्षा दु:ख दारिद्र नाश्यो। सुख समृध्दि जगमहं परकाश्यो।।९४।। जगत गुरु इस हेतु भये तुम। तम - अज्ञान - समुह हने तुम।।९५।। सुष्टि करन हित नाम तुम्हारा। ब्रह्मा विश्वकर्मा भय धारा।।९६।। विष्णु अलैकिक जगरक्षक सम। शिवकल्याणदायक अति अनुपम।।९७।।नमो नमो विश्वकर्मा देवा। सेवत सुलभ मनोरथ देवा।।९८।। अपनी कलासे सृष्टी को सजाये। स्वर्ग लोक जैसे दृष्य बनाये।।९९।। बुद्धी से दियो ग्राम मंदीर को आकार। सुकुन देने हेतु करे साकार।।१००।। अविचल भक्ति हृदय बस जाके। चार पदास्थ करतल जाके।।१०१।। सेवत तोहि भुवन दश चारी। पावन चरण भवोभव कारी।।१०२।। लौकिक किर्ती कला भंडारा। दाता त्रिभुवन यश विस्तारा।।१०३।। भुवन पुत्र विश्वकर्मा तनुधरि। वेद अथर्वण तत्व मनन करि।।१०४।। सत्य भजन तुम्हारो जो गावै। सो निश्चय चारों फल पावै।।१०५।। स्वामी साई की लिला बडी मन भावन। सुनके रोगोंका करावे मूल धावन।।१०६।। भिषगराज रुप में निर्दोश साई को देखा। भक्त की ओर तुरंत स्वास्थ को फेका।।१०७।। जरा व्याधि को नाश करे करावे। भगत की झोली स्वास्थ से भरे भरावे।।१०८।।

।। श्रद्धापूर्वक भक्तिअंजली श्री स्वामी साई समर्थाऽर्पण मस्तु।।

अध्याय ११ विद्या लक्ष्मी वर्धक माला

जय जय जय गणपती गणराजु। मंगल भरण करण शुभ काजु।।१।। जय जय जय सरस्वती माता। करे हंस सवारी बुद्धी की दाता।।२।। जय जय जय कुलदेव कुलस्विमीनी माता। दीन भगत की भाग्य की विधाता।।३।। जय जय जय सद्गुरु विश्व ज्ञान दाता। दिप जलाके अज्ञान को नाश कराता।।४।। जय जय जय स्वामी साई ज्ञानेश्वर माई। धन्य धन्य माता पीता जो बालक को तराई।।५।। जय जय जय प्रभु ज्योति स्वरुपा। निर्गुण ब्रम्ह अखण्ड अनूपा।।६।।अथर्ववेद अरु शिल्प शास्त्र का। धनुर्वेद सब कृत्य आपका।।७।। जब जब विपती पड़ी देवन पर। कष्ट हन्यो प्रभु कला सेवन कर।।८।। विष्णु चक्र अरु ब्रम्ह कमंडल। रुद्र शूल सब रच्यो भूमंडल।।९।। इंद्र धनुष अरु धनुष पिनाका। पुष्पक यान अलौकिक चाका ।।१०।। वायुयान मय उडन खटोले। विद्युत कला तंत्र सब खोले।।११।। सुर्य चंद्र नवग्रह दिग्पाला। लोक लोकांतर व्योम पताला।।१२।। अग्नि वायु क्षिति जल आकाशा। अविष्कार सकल परकाशा।।१३।। जल का महत्त्व विष्णुकर्माने समझाया। उसी हेतु कुप तालाब नदी को बनाया।।१४।। मनु मय त्वष्टा शिल्पी महाना। देवागम मुनि पंथ सुजाना।।१५।। लोक काष्ठ शिला ताम्र सुकर्मा। स्वर्णकार मय पंचक धर्मा।।१६।। शिव दधीचि हरिश्चन्द्र भुआरा। कृत युग शिक्षा पलिऊ सारा।।१७।। परशुराम, नल, नील, सुचेता। रावण राम शिष्य सब त्रेता।।१८।। वर्णातीत अकथ गुण सारा। नमो नमो भय तारन हारा।।१९।। नानारुप शिल्प मन को भावक। ग्राम बृह मंदिर सुंदर और मोहक।।२०।। ऐसे विश्वकर्मा रुप में स्वामी गुरु को पाया। स्वामी तुने ही वास्तु विज्ञान सिखाया।।२१।। स्वामी साई करावे

गरीबों को भोजन। पेट भराके दुख का होवे परिमार्जन।।२२।। शंकातूर करता रहे सदा विचारा। स्वामी साई ने इस मुढ़ी को तारा।।२३।। जाओ मुंबादेवी ऐसे स्वामीने फरमाया। प्रचुर धन देके भगत का जीवन सुखाया।।२४।। स्वामी साईको धर्म रुप में पाया। विचार करनेसेही मोक्ष द्वार दिखाया।।२५।। जय ब्रह्मा जय स्वयंभु चतुरानन सुखमुल। करहु कृपा निज दास पै रहहु अनुकूल ।।२६।। तुम सृजक ब्रह्मांड के अज विधि धाता नाम। विश्वाविधाता कीजित जन पै कृपा ललाम।।२७।। जय जय कमलासन जगमूला। रहहु सदा जनपै अनुकूला।।२८।। रक्तवर्ण तव सुभग शरीरा। मस्तक जटाजूट गंभीरा।।२९।। ताके ऊपर मुकूट बिराजै। दाढ़ी श्वेत महाछवि छाजै।।३०।। श्वेतवस्त्र धारे तुम सुंदर। है यज्ञोपवीत अति मनहर।।३१।। कानन कुंडल सुभग बिराजहिं। गल मोतिन की माला राजहिं।।३२।। चारिहु वेद तुम्हीं प्रगटाए। दिव्य ज्ञान त्रिभुवनहिं सिखाए।।३३।। ब्रह्मलोक शुभ धाम तुम्हारा। अखिल भुवन महं यश बिस्तारा।।३४।। सरस्वती तब सुता मनोहर। वीणा वादिनी सब विधि सुंदर।।३५।। कमलासन पर रहे बिराजे। तुम हरि भक्ति साज सब साजे।।३६।। क्षीर सिंधु सोवत सुरभूपा। नाभि कमल भो प्रगट अनुपा।।३७।। तेहि पर तुम आसीन कृपाला। सदा करहु संतन प्रतिपाला।।३८।। सकल सृष्टि कर स्वामी जोई। ब्रम्ह अनादि अलख है सोई।।३९।। निज इच्छा उन सब निरमाए। ब्रम्ह्मा विष्णु महेश बनाए।।४०।। महापद्म जो तुम्हारो आसन। ता पै अहै विष्णु को शासन।।४१।। विष्णु नभितें प्रगटयो आई। तुम कहं सत्य दीन्ह समुझाई।।४२।। ब्रम्ह करे तुम जगत को उत्पन्न। माया को सवारे करे सृष्टी को सम्पन्न।।४३।। कमल नाल धरि नीचे आवा। तहां विष्णु के दर्शन

पावा।।४४।। शयन करत देखे सुरभूपा। श्यामवर्ण तनु परम अनूपा।।४५।। गल बैजन्ती माल बिराजै। कोटि सूर्य की शोभा लाजै।।४६।। शंख चक्र अरु गदा मनोहर। पद्म सहित आयुध सब सुंदर।।४७।। पायं पलोरति रमा निरंतर। शेषनाग शय्या अति मनहर।।४८।। ब्रम्ह तुमरि लिला बहुत सुंदर। मिट्टी को देके जीवन तुही मनोहर।।४९।। तीजे श्री शिवशंकर आहीं। ब्रम्हरुप सब त्रिभुवन माहीं।।५०।। शिव संहार करहिं सब केरा। हम तीनहुं कहं काज धनेरा।।५१।। यह सुनि ब्रम्हा परम सिहाए। परब्रम्ह के यश अति गाए।।५२।। नाम पितामह सुंदर पायेऊ। जड चेतन सब कहे निरमायेऊ।।५३।। लीन्ह अनेक बार अवतारा। सुंदर सुयश जगत विस्तारा।।५४।। जो कोऊ ध्यान धरै नर नारी। ताकि आस पुजावहु सारी।।५५।। पुष्कर तीर्थं परम सुखदाई। तहं तुम बसहु सदा सुरसाई।।५६।। कुंड नहाई करहि जो पूजन। ता कर दूर होई सब दूषण।।५७।। मारुती बनके जीवन सुधारा। मालीक होके इस ललन को सवारा।।५८।। स्वामी साई देवे ब्रह्म का ज्ञान। खोले किवाड दूर करे अज्ञान।।५९।। निरंजन तुही साई दिखावे सुरज का ज्ञान। उजाला देके दुर करे तमरुपी अज्ञान।।६०।। सत्य सत्य सत्य व्रत स्वामी। सत्य सनातन अन्तर्यामी।।६१।। समर्थ स्वामी होवे जग पालक। सुरज रुप में तुम्हे देखे ये भावक।।६२।। जय सविता जय जयति दिवाकर। सहस्त्रांशु! सप्ताश्व तिमिरहर।।६३।। भानु, पतंग, मरीचि, भास्कर। सविता, हंस सुनूर विभाकर।।६४।। विवस्वान, आदित्य, विकर्तन। मार्तण्ड हरिरूप विरोचन।।६५।। अम्बरमणि खग रवि कहलाते। वेद हिरण्यगर्भ कह गाते।।६६।। हे सुजर तुम अगण तपण का गोला। प्राणो को सुधारे रुप तुम्हारा भोला।।६७।। अरुण सदृश सारथी मनोहर। हांकत हय साता

चढ़ि रथ पर।।६८।। मंडल की महिमा अति न्यारी। तेज रुप केरी बलिहारी।।६९।। नमस्कार को चमत्कार यह। विधि हरिहर को कृपासार यह।।७०।। सेवै भानु तुमहिं मन लाई। अष्टसिध्दि नवनिधि तेहिं पाई।।७१।। बारह नाम उच्चारन करते। सहस जनम के पातक टरते।।७२।। रवि किरण फैलावे छत्र की छाया। स्वामी साईका वर दुर करे अघोरी माया।।७३।। जैसे स्वामी साई करे जीवन में चमत्कार। वैसे सुरज नाश करे तमोरुपी बुखार।।७४।। अर्क शीर को रक्षा करते। रवि ललाट पर नित्य बिहरते।।७५।। सूर्य नेत्र पर नित्य विराजत। कर्ण देस पर दिनकर छाजत।।७६।। भानु नासिका वास करहु नित। भास्कर करत सदा मुख कौ हित।।७७।। ओंठ रहैं पर्जन्य हमारे। रसना बीच तीक्ष्ण बस प्यारे।।७८।। कंठ सुवर्ण रेत की शोभा। तिग्मतेजसः कांधे लोभा।।७९।। पूषां बाहू मित्र पीठहिं पर। त्वष्टा - वरुण रहम सउष्णकर।।८०।। युगल हाथ पर रक्षा कारन। भानुमान उससर्म सुउदरचन।।८१।। बसत नाभि आदित्य मनोहर। कटि महं हंस, रहत मन मुदभर।।८२।। जंघा गोपति, सविता बासा। गुप्त दिवाकर करत हुलासा।।८३।। विवस्वान पद की रखवारी। बाहर बसते नित तम हारी।।८४।। सहस्त्रांशु सर्वांग सम्हारै। रक्ष कवच विचित्र विचारै।।८५।। स्वामी साई फुके गीता, मोदन करे। जैसे भानु उर्जा, हृदय मंदीरपे सवारे।।८६।। दरिद्र कुष्ठ तेहिं कबहुं न व्यापै। जोजन याको मनमहं जापै।।८७।। स्वामी साई के चक्र ने दुःख को चकराया। बुरी चीत को दिव्य नजर से बुझाया।।८८।। स्वामी साई की गदा ने शत्रु को फटकाया। मुर्छीत करने हेतु स्वामीसाई ने शंख बजाया।।८९।। स्वामी साई के चक्र ने दारीद्रय को चकराया। ऋण चिंता को दिव्य नजर से बुझाया।।९०।। धन्य - धन्य तुम दिनमनि देवा।

किया करत सुरमुनि नर सेवा।।९१।। भक्ति भावयुत पूर्ण नियमसों। दूर हरतसो भवके भ्रमसों।।९२।। परम धन्य सो नर तनधारी। हैं प्रसन्न जेहि पर तम हारी।।९३।। अरुण माघ महं सूर्य फाल्गुन। मध वेदांगनाम रवि उदयन।।९४।। भानु उदय वैसाख गिनावै। ज्येष्ठ इन्द्र आषाढ़ रवि गावै।।९५।। यम भादौं आश्विन हिमरेता। कार्तिक होत दिवाकर नेता।।९६।। स्वामी साईको देखा ऐसे रविरुपमें। जो जिंदा रखे मातृ - पितृ भावमें।।९७।। जैसे नदी संभाले सारे मांजी। भगत को संभाले जो स्वामी साई को पूजी।।९८।।स्वामी साईके शरण में जो भक्ति से आवे। शनि देव की दृष्टी न कभी सतावे।।९९।। जयति जयति शनिदेव दयाला। करत सदा भक्तन प्रतिपाला।।१००।। चारि भुजा ,तनु श्याम विराजै। माथे रतन मुकुट छवि छाजै।।१०१।। परम विशाल मनोहर भाला। टेढ़ी दृष्टि भृकुटि विकराला।।१०२।। स्वामी साई तु ही तो है धर्म का मालिक। अधर्म को नाशके बने सत्य का मालिक।।१०३।। कोटी कोटी ब्रह्मांड तुम्हारे चरणो में होवे। धर्म का ज्ञान देके आनंद से झुलावे।।१०४।। स्वामी साई को सप्तर्शी रुप में पाया। सारे विश्व को आनंद दिलाया।।१०५।। महं के उपर सात लोक कहे परलोग। निचें झाके तो रहें सात पाताल लोक।।१०६।। स्वामी साई वास करते है त्रिलोक। नरक से उठाके पहुंचावे स्वर्ग लोक।।१०७।। स्वामी साई का नाम लेत जो कोई। विद्यासमृद्धी रुप मनकामना पूर्ण होई।।१०८।।

।। श्रद्धापूर्वक भक्तिअंजली श्री स्वामी साई समर्थाऽर्पण मस्तु।।

अध्याय १२ अघोरीविद्या नाशक शापमोचक माला

जय जय जय गणपती गणराजु। मंगल भरण करण शुभ काजु।।१।। जय जय जय सरस्वती माता। करे हंस सवारी बुद्धी की दाता।।२।। जय जय जय कुलदेव कुलस्विमीनी माता। दीन भगत की भाग्य की विधाता।।३।। जय जय जय सद्गुरु विश्व ज्ञान दाता। दिप जलाके अज्ञान को नाश कराता।।४।। जय जय जय स्वामी साई ज्ञानेश्वर माई। धन्य धन्य माता पीता जो बालक को तराई।।५।। स्वामी साई ने सात ग्रहों को धारा। कृपा आर्शीवाद से सारे भगत को तारा।।६।। सूरज के रुप में स्वामी साई को पाया। अघोरी को मारे तेरी ही माया।।७।। सोम होवे शीतल हिम का सागर। भोले के सीर पे सोवे मखमली क्षीरसागर।।८।। स्वामी साई को सोम रुप में पाया। चंचल मन को स्थिर कराया।।९।। मंगल का रुप स्वामी साईने पाया। रुद्र क्रोधी को शांत कराया।।१०।। कोमल बुध को निर्मल साई रुप में धारा। बुद्धी के रुप में विश्वज्ञान को टारा।।११।। विशाल गुरु को त्रिगुणी साई के रुप में पाया। अनंत विश्व का ज्ञान उसमें समाया।।१२।। अज्ञान मुढी इस भगत को सुधारे। माया सागर में जीवन उझारे।।१३।। प्यार का सागर रहे शुक्र की माया। गोता खाके इस भगत को पार कराया।।१४।। शुक्र जैसे प्यार कला का सागर। स्वामी साई ने दिखाया सुंदर क्षीरसागर।।१५।। स्वामी साई को भगत ने शनि रुप में पाया। नही दुंगा दुख भगत को समझाया।।१६।। कुण्डल श्रवण चमाचम चमके। हिये माल मुक्तन मणि दमके।।१७।। स्वामी साई का आर्शिवाद करे भक्त को भावन। शनि महाराज का वर चमकाये नवजीवन।।१८।। कर में गदा त्रिशूल कुठारा। पल बिच करैं अरिहिं संहारा।।१९।। पिंगल कृष्ण

अरु छायानन्दन। यम कोणस्थ रौद्र दुख भंजन।।२०।। सौरी मंद शनी दश नामा। भानु पुत्र पूजहिं सब कामा।।२१।। जा पर प्रभु प्रसन्न ह्वै जाहीं। रंकहुं राव करैं क्षण माहीं।।२२।। पर्वतहू तृण होइ निहारत। तृणहू को पर्वत करि डारत।।२३।। राज मिलत बन रामहिं दीन्हो। कैकेई की मति सब हरि लीन्हो।।२४।। बनहूं में मृग कपट दिखाई। मातु जानकी गई चुराई।।२५।। लखनहिं शक्ति विकल करि डारा। मचि गा दल में हाहाकारा।।२६।। रावण की गति मति बौराई। रामचन्द्र सों बैर बढ़ाई।।२७।। दियो कीट करि कंचन लंका। बजि बजरंग बीर की डंका।।२८।। नृप विक्रम पर तुहि पगु धारा। चित्र मयूर निगलि गै हारा।।२९।। भारी दशा निकृष्ट दिखायो। तेलिहिं घर कोल्हू चलवायो।।३०।। हरिश्चन्द्र नृप नारि बिकानी। आपहु भरे डोम घर पानी।।३१।। श्री संकरहिं गह्यो जब जाई। पारवती को सती कराई।।३२।। तनिक विलोकत ही करि रीसा। नभ उड़ि गयो गौरिसुत सीसा।।३३।। पाण्डव पर भै दशा तुम्हारी। बची द्रौपदी होति उघारी।।३४।। कौरव के भी गति मति मारयो। युध्द महाभारत करि डारयो।।३५।। रवि कहं मुख महं धरि तत्काला। लेकर कूदि परयो पाताला।।३६।। शेष देव लखि विनती लाई। रवि को मुख ते दियो छुड़ाई।।३७।। वाहन प्रभु के सात सुजाना। ह्य दिग्गज गर्दभ मृग स्वाना।।३८।। जम्बुक सिंह आदि नग धारी। सो फल ज्योतिष कहत पुकारी।।३९।। गज वाहन लक्ष्मी गृह आवैं। हय ते सुख सम्पति उपजावैं।।४०।। जम्बुक बुद्धि नष्ट कर डारै। मृग दे कष्ट प्राण संहारै।।४१।। जब आवहिं प्रभु स्वान सवारी। चोरी आदि होय डर भारी।।४२।। तैसहि चारि चरण यह नामा। स्वर्ण लौह चांदी अरु तामा।।४३।। लौह चरण पर जब प्रभु आवैं। धन जन सम्पति नष्ट करावैं।।४४।।

